ऑनलाइन गिरदावरी का विरोध

अनूपगढ़,(कासं)। अनूपगढ़ क्षेत्र के घड़साना में ग्रामीण किसान-मजदूर समिति (जीकेएस) ने किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में ऑनलाइन गिरदावरी व्यवस्था का विरोध करते हुए ऑफलाइन प्रणाली बहाल करने और खरीफ फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर तत्काल खरीद शुरू करने की मांग की गई है। किसानों ने ज्ञापन में कहा कि वर्तमान ऑनलाइन गिरदावरी व्यवस्था व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। जिन जिलों में चकबंदी हो चुकी है वहां प्रति बीघा इकाई मानने से हर खेत में जाकर गिरदावरी करना मुश्किल है। उन्होंने ऐप में संशोधन कर 25 बीघा (एक मुरब्बा) को इकाई मानने, मल्टीपल सिलेक्शन और सिंगल फोटो अपलोड का विकल्प देने की मांग की ताकि गिरदावरी समय पर पूरी हो सके।

जीकेएस के जिला महासचिव वीरदीप सिंह ने बताया कि श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में खरीफ की फसलें अन्य जिलों से पहले तैयार हो जाती हैं। हालांकि गिरदावरी की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर होने के कारण खरीद देर से शुरू होती है। किसानों ने इन जिलों में गिरदावरी की अंतिम तिथि 15 सितम्बर तय करने की मांग की। किसानों ने बताया कि मूंग की कटाई शुरू हो चुकी है और जल्द ही बाजरा, धान, मक्का, नरमा और मूंगफली जैसी फसलें भी बाजार में आयेंगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने समय रहते गिरदावरी और खरीद की व्यवस्था नहीं की तो किसान आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

साइकिल रैली से दिया स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण का संदेश

बीकानेर,(कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री ने बुधवार को साइकिल रैली में हिस्सा लेकर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा देने का संदेश दिया। पॉलिटेक्निक कॉलेज से जूनागढ़ तक आयोजित इस साइकिल रैली में हिस्सा लेते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 75 वें जन्मदिन पर 75 साइकिलस्ट के साथ आयोजित यह साइकिल रैली पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दे रही है।

केन्द्रीय कानून मंत्री ने कहा कि

- **प्रधानमंत्री के 75 वें जन्मदिन पर 75 साइकिलस्ट के साथ साइकिल रैली निकाली**

बीकानेर में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने पॉलिटेक्निक कॉलेज से जूनागढ़ तक साइकिल चलाकर स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

पीएम मोदी के 75 वें जन्मदिवस पर हर वर्ग में उत्साह है। सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके पहले दिन स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। साइकिल रैली के जरिए जनता को अपना घर, गली, मोहल्ला, शहर को स्वच्छ रखने का संदेश दिया जा रहा है। हमें स्वच्छ भारत और विकसित भारत बनाना है। इसमें हर व्यक्ति का योगदान चाहिए। मेघवाल ने कहा कि पूरे विश्व में कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए साइक्लिंग को प्रमोट किया जा रहा है। वे जब कॉलेज में थे तब भी साइकिल से ही कॉलेज आया जाया करते थे। जब सांसद बनें तो दो साल तक निवास से संसद तक और संसद से निवास तक साइकिल से ही आये और गए।

केन्द्रीय कानून मंत्री मेघवाल ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त साइकिल रैली 'टूर डी फ्रांस' और टूर डी स्विस' की तर्ज पर 'टूर डी थार' साइकिल रैली का आयोजन आगामी 23 नवम्बर को बीकानेर में प्रस्तावित है। खास बात ये कि इस साइकिल रैली की शुरूआत नौरंगदेसर में उसी स्थान से होगी जहां वर्ष 2023 में पीएम नरेन्द्र मोदी के बीकानेर आगमन पर साइकिलिस्टों ने प्रधानमंत्री को नौरंगदेसर में एस्कॉर्ट किया था।

केन्द्रीय कानून मंत्री ने बताया कि 'टूर डी थार' साइकिल रैली भारतमाला पर बीकानेर के नौरंगदेसर से जोधपुर के ओसियां तक 300 किलोमीटर की होगी। इससे बीकानेर को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन नक्शे पर स्थापित करने का मौका मिलेगा। इससे फिट इंडिया का मैसेज भी जायेगा। उन्होंने बताया कि इस साइकिल रैली में दुनियां भर से साइक्लिस्ट हिस्सा लेंगे। 100, 200 और 300 किलोमीटर के लिए अलग अलग रजिस्ट्रेशन किए जायेंगे।

पॉलिटेक्निक कॉलेज से जूनागढ़ तक आयोजित इस साइकिल रैली में केंद्रीय कानून मंत्री के अलावा अंतर्राष्ट्रीय साइक्लिस्ट दयालाराम, जेठाराम गाट, सुरेन्द्र कूंकणा, जिला खेल अधिकारी श्रवण भाम्भू, सुमन छाजेड़, विजय आचार्य, सत्यप्रकाश आचार्य, सुरेन्द्र सिंह शेखावत, श्यामसिंह हाडला, अशोक मीणा, अशोक प्रजापत, संतोषानंद, अति. पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कैलाश सांदू, अति. पुलिस अधीक्षक शहर सौरभ तिवाड़ी, बीएसएफ इंस्पेक्टर सुभाष सिंह, सीएमएचओ डॉ पुखराज साद, पीडब्लयूडी एक्सईएन शिवमल गहलोत, राजेश गिरधर, सुरेश गुप्ता, मनोज बजाज, बड़ी संख्या में साइक्लिस्ट, बीएसएफ और पुलिस के जवानों ने हिस्सा लिया।

करणी माता मंदिर में नवरात्र मेला 22 से

बीकानेर, (कासं)। विश्व प्रसिद्ध देशनोक करणी माता मंदिर में 22 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक नवरात्र मेला भरेगा। नवरात्र में देश और विदेश से मां करणी के धोक लगाने श्रद्धालु पहुंचेंगे। मेले को लेकर श्री करणी मंदिर निजी प्रन्यास देशनोक के पदाधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी है।

मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया जायेगा। नवरात्र मेले में कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर श्री करणी मंदिर निजी प्रन्यास के प्रतिनिधिमंडल ने एसपी से मुलाकात कर पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने एसपी को बताया कि नवरात्र में चोरी, चेन स्नेचिंग जैसी घटनाओं को रोकने के लिए माकूल पुलिस जाब्ता तैनात किया जाए। ट्रस्ट के अध्यक्ष बालसिंह ने मांग की है कि मेले में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, ट्रैफिक व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण तथा रेल-बस स्टैंड और प्रमुख मार्गों पर पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। साथ ही ट्रेनों और बसों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष निगरानी और मार्गदर्शन की भी व्यवस्था की जाए।

नवरात्र पर साठिका गांव में करणी माता के शादी के तोरण का होगा विशेष श्रृंगार करणी मंदिर निजी प्रन्यास साठिका में 22 सितम्बर को नवरात्र स्थापना उत्सव शुरू होगा। नवरात्र के दौरान करणी माता, हिंगलाज माता व तेमड़ाराय मंदिर में विशेष श्रृंगार किया जायेगा। श्री करणी मंदिर निजी प्रन्यास के अध्यक्ष कल्याण सिंह बीठू ने बताया कि करणी माता के शादी के तोरण का विशेष श्रृंगार किया जायेगा। मंदिर नवरात्र में नौ दिन तक भक्तजनों के दर्शन के लिए 24 घंटे खुला रहेगा।

सार-समाचार

कपड़े के थैले एवं पौधे बांटे

कर्मा फाउंडेशन ने गढ़वाला के रा. उ. मा. विद्यालय में कपड़े के थैलों एवं पौधों का वितरण किया।

बीकानेर, (कासं)। मदर्स एल.एस.कर्मा फाउण्डेशन की अध्यक्ष डॉ. सुमन चौधरी के दिशा निर्देशानुसार गढ़वाला के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कपड़े से निर्मित थैलों एवं पौधों का वितरण किया। साथ ही विद्यालय में पौधारोपण किया गया। इस दौरान डॉ. सुमन चौधरी ने बताया कि कपड़े से निर्मित थैलों एवं कागज के लिफाफों के उपयोग से प्लास्टिक उत्पादों पर निर्भरता को कम कर पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकता है। इस अवसर पर प्रत्येक छात्र-छात्राओं को एक पेड़ व एक थैला भेंट किया गया। शकुन्तला गोदारा के नेतृत्व में बाल वाटिका के विद्यार्थियों को स्टेशनरी प्रदान की गई। इस अवसर पर यूथ एंड इको क्लब के विजेताओं को पारितोषिक वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावकों द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ज्योति चौधरी पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष डूंगर महाविद्यालय ने स्वच्छता एवं पुस्तक पठन के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के संस्था प्रधान श्रवण गोदारा ने प्लास्टिक मुक्त समाज के निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका पर जोर देते हुए अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर चंद्रकला चौधरी व मंजू पालीवाल ने भी अपनी सहभागिता प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया। फाउण्डेशन के द्वारा पौधारोपण कर और कपड़ा निर्मित थैला का उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। इस दौरान प्रधानाचार्य श्रवणराम गोदारा, शकुन्तला गोदारा, रेखा यादव, मंजू पालीवाल, विम्मी खत्री, अर्जुन सिंह चौहान, पोकर राम सिला, मालती देवी, कविता मानवी, किरण, सोनिया परिहार, सावित्री, गीता मूंड की उपस्थित थी।

शहरी शिविर का निरीक्षण किया

अम्बेडकर भवन परिसर में आयोजित शहरी सेवा शिविर का प्रभारी सचिव कृष्ण कृणाल ने निरीक्षण किया।

बीकानेर, (कासं)। शिक्षा सचिव तथा प्रभारी सचिव कृष्ण कुणाल ने बुधवार को अम्बेडकर भवन में आयोजित शहरी सेवा शिविर का अवलोकन किया। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि इस दौरान साथ रही। उन्होंने शिविर में किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने फायर एनओसी के 8, भवन निर्माण स्वीकृति के 8, नामांतरण के 5, जन आधार सत्यापन के 40, पीएम स्वनिधि के 21, सीएम स्वनिधि के 20, ईडब्लूएस के 3, ट्रेड लाइसेंस के 1 लाभार्थी को स्वीकृति पत्र सौंपे। शिविर में नगर निगम की ओर से जन्म मृत्यु और विवाह पंजीयन के प्रकरणों का निस्तारण भी किया गया। इस प्रभारी सचिव ने शिविर की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अम्बेडकर भवन परिसर में पौधारोपण किया और नगर निगम द्वारा नवाचार के रूप में बनाये गए सद्भावना केन्द्र का अवलोकन किया। उन्होंने अनुपयोगी चीजों के बेहतरीन उपयोग की सराहना की। इस दौरान निगम आयुक्त मयंक मनीष, बीडीए आयुक्त अपर्णा गुप्ता, निगम उपायुक्त यशपाल आहूजा, कुलराज मीणा, बीडीए उपायुक्त कुणाल राहड़ सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

शैलेन्द्र देवड़ा ने पदभार संभाला

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी शैलेन्द्र देवड़ा ने बुधवार को माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में अतिरिक्त निदेशक का पदभार संभाला। देवड़ा इससे पूर्व एचसीएम रीपा में अतिरिक्त निदेशक के पद पर कार्यरत थे। राज्य सरकार द्वारा गत दिनों जारी सूची में देवड़ा को मध्यमिक शिक्षा निदेशालय में अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने विभागीय कार्यों की समीक्षा की। और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि देवड़ा पूर्व में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रह चुके हैं। वे जोधपुर, नागौर, पाली और जालौर में विभिन्न पदों पर रहे हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की विभाग से जुड़ी समस्त प्राथमिकताएं उनकी प्राथमिकता रहेंगी।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर 2118 यूनिट रक्तदान

बीकानेर, (कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस पर भाजपा देहात द्वारा जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया की अगुवाई में नोखा, डूंगरगढ़, लूणकरनसर, मोमासर, देशनोक, तोलियासर, उदासर के साथ समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल उपस्थित रहे। आज के शिविर में 2118 यूनिट रक्तदान किया गया।

अर्जुनराम मेघवाल ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विश्व के सबसे लोकप्रिय और शक्तिशाली नेता है। उनके नेतृत्व में भारत निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर देश भर में रक्तदान शिविरों में रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0 का आयोजन किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर देहात भाजपा के रक्तदान शिविर में केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने शिरकत की।

पीएम मोदी के जन्मदिन पर ब्लड डोनेशन का वर्ल्ड रिकॉर्ड बन रहा है। जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिवस को सेवा सप्ताह के रूप में मनाते हुए आज भाजपा देहात द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 2118 यूनिट रक्तदान कर इतिहास रचा गया है।

10 हजार के इनामी अपराधी से कट्टा बरामद

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर के व्यास कॉलोनी थाना पुलिस ने 10 हजार रूपए के इनामी अपराधी को गिरफ्तार कर उससे देशी कट्टा बरामद किया।

तीन जुलाई को विकास की ओर से व्यास कॉलोनी पुलिस थाने में केस दर्ज कराया गया था कि वह व्यास कॉलोनी में कैम्पर गाड़ी लेकर खड़ा था। इस दौरान शिव गोदारा, विष्णु बांगूड़ा, बाला राठौड़, राहुल बिश्नोई, सीताराम, सुनील ज्याणी, शिवलाल कस्वां, गांधी कस्वां, राकेश, अल्ताफ व 10-15 अन्य वहां आये और लाठी-सरियों से मारपीट की। कैम्पर गाड़ियों से उसकी गाड़ी को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने इस मामले में फरार चल रहे भाटों का बास निवासी बाला भाट को गिरफ्तार कर अवैध कट्टा बरामद किया है। अभियुक्त के खिलाफ 9 मुकदमे दर्ज हैं और उस पर 10 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया है।

रावण दहन कार्यक्रम की तैयारियां शुरू

बीकानेर,(कासं)। धरणीधर दशहरा कमेटी ने वार्षिक रावण दहन कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी है। धरणीधर मैदान में होने वाले दशहरा को भव्य व ऐतिहासिक बनाने के लिए इस साल संभाग के सबसे बड़े रावण, कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जायेगा। दशहरा की तैयारियां को लेकर धरणीधर मंदिर परिसर में कमेटी की बैठक संरक्षक रामकिशन आचार्य और राजेश चूरा की अध्यक्षता में हुई।

- **धरणीधर मैदान में होगा रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के सबसे बड़े पुतलों का दहन**

इसमें कार्यक्रम की रूपरेखा और विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। धरणीधर ट्रस्ट के अध्यक्ष नंदकुमार आचार्य ने बताया कि रावण दहन कार्यक्रम केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह सत्य की असत्य पर विजय और अच्छाई की बुराई पर जीत का प्रतीक है। आयोजन को और भी प्रेरणादायी बनाने के लिए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, धार्मिक झांकियां और बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जायेंगे। कमेटी के दुर्गाशंकर आचार्य ने बताया कि दर्शकों के लिए सुरक्षा व्यवस्था, दमकल दल, प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र और यातायात नियंत्रण की योजना को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन से भी सहयोग के लिए चर्चा की गई है। बैठक में कमेटी के जगमोहन आचार्य, नरेश आचार्य, किशोर पुरोहित, भंवर पुरोहित, मालचंद सुथार, संजय आचार्य, लाला स्वामी, बी.डी. आचार्य, कैलाश पुरोहित, हेमू और कमेटी के सदस्य एवं टीम धरणीधर के सदस्य मौजूद थे।

हार्ट अस्पताल में चिलर प्लांट का शुभारंभ

बीकानेर,(कासं)। हल्दीराम मूलचंद ट्रस्ट और हॉस्पिटल प्रशासन के संयुक्त प्रयास से 105 टन क्षमता के दो नए एसी, चिलर प्लांट का शुभारंभ किया गया। इस परियोजना पर लगभग एक करोड़ रूपये की लागत आई है।

इस पहल से गर्मी के मौसम में मरीजों, परिजनों और हॉस्पिटल स्टाफ को हो रही परेशानी का समाधान हो सकेगा। लम्बे समय से हॉस्पिटल में बढ़ती गर्मी के कारण मरीजों और उनके परिजनों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को हल करने के लिए हल्दीराम मूलचंद ट्रस्ट के प्रतिनिधि रमेश अग्रवाल, हॉस्पिटल प्रभारी डॉ. देवेन्द्र अग्रवाल और विभागाध्यक्ष डॉ. पिंटू नाहटा ने ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोहर लाल अग्रवाल से अनुरोध किया था। ट्रस्ट ने मरीजों और हॉस्पिटल में आने वाले सभी लोगों के हित को ध्यान में रखते हुए इस चिलर प्लांट को स्थापित करने की स्वीकृति दी। मंगलवार को विधिवत रूप से बटन दबाकर इस चिल्लर प्लांट का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी, अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र वर्मा, ट्रस्ट प्रतिनिधि रमेश अग्रवाल व जेठमल बोथरा मौजूद थे।

- **हल्दीराम मूलचंद हार्ट हॉस्पिटल में 105 टन क्षमता के दो नए एसी, चिलर प्लांट का शुभारंभ**

500 से अधिक यूनिट रक्तदान

नोखा, (कासं)। महावीर चौक स्थित तेरापंथ भवन में 17 सितम्बर को मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। नोखा तेरापंथ युवक परिषद द्वारा आयोजित इस शिविर में दोपहर तक 500 से अधिक यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

तेरापंथ युवक परिषद नोखा सहित विश्व स्तर पर हजारों रक्तदान शिविर आयोजित कर रही है। नोखा में आयोजित इस शिविर के लिए 1000 से अधिक लोगों ने पंजीकरण करवाया था। दोपहर तक 500 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। महिलाओं ने भी इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभाई। इस अवसर पर पूर्व विधायक बिहारीलाल बिश्नोई, पालिका अध्यक्ष नारायण झंवर, पालिका उपाध्यक्ष निर्मल भूरा और प्रधान प्रतिनिधि आत्माराम तर्ड सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

निरीक्षण के दौरान मनरेगा कार्यस्थल पर वीडीओ से मारपीट

हनुमानगढ़, (कासं)। मनरेगा कार्यस्थल पर ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) के साथ मारपीट और अपमान का मामला सामने आया। इस घटना के विरोध में ग्राम विकास अधिकारियों ने बुधवार को टाउन थाना के समक्ष प्रदर्शन किया और कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए परिवाद प्रस्तुत किया।

ग्राम पंचायत तीस एसएसडब्लयू के वीडीओ उदयभान यादव ने बताया कि मंगलवार को वे चक 26 एसएसडब्लयू में मनरेगा कार्य का निरीक्षण करने गए थे। वहां मेट कोमल गैर मौजूद मिली और उनके पति सुभाष के पास मस्टरोल थे। मस्टरोल में निरीक्षण के समय तक कोई हाजरी दर्ज नहीं थी। वीडीओ यादव ने मेट को हाजरी दर्ज न करने और टास्क के अनुसार कार्य न देने पर सुभाष से मस्टरोल ले लिए। इससे मेट के पति और कुछ मनरेगा श्रमिक नाराज हो गए और गाली-गलौज करने लगे। वीडीओ यादव जब मस्टरोल लेकर अपनी बाइक के पास पहुंचे तो 4-5 लड़कों उनके साथ मारपीट की। धक्का देकर गिरा दिया और मस्टरोल छीन लिए। वे किसी तरह ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचे। इसके बाद पूर्व सरपंच दयाराम गोदारा ने उन्हें फोन कर वापस कार्यस्थल पर बुलाया। वहां पहुंचने पर पूर्व सरपंच गोदारा, मेट पति सुभाष और कई अन्य लोग मौजूद थे। इन लोगों ने वीडीओ यादव को धमकाया और उनकी कॉलर पकड़कर सभी श्रमिकों से माफी मांगने को कहा।

- **चक 26 एसएसडब्लयू में मनरेगा कार्य के निरीक्षण के दौरान गड़बड़ी मिली थी**

जब वीडीओ यादव ने माफी मांगने से इनकार किया तो उनके साथ गाली-गलौज की गई। धक्का देकर गिराया गया और जबरन कान पकड़वाकर उठक-बैठक करवाई गई। इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया गया। वीडीओ उदयभान यादव ने राजकीय कार्यों में बाधा डालने और उन्हें कर्तव्य पालन से रोकने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।

अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के संकल्प से कार्य करें : मेघवाल

बीकानेर, (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर ग्रामीण सेवा शिविर बुधवार को शुरू हुए। पहले दिन जिले के प्रत्येक उपखंड क्षेत्र की दो-दो ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित हुए। शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया।

केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, खाजूवाला विधायक डॉ विश्वनाथ मेघवाल, शिक्षा सचिव और जिला प्रभारी सचिव कृष्ण कुणाल, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, शिक्षा निदेशक सीताराम जाट और जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल, श्याम पंचारिया ने पेमासर में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर देश भर में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में प्रदेश के मुख्यमंत्री ने आमजन के कार्यों को घर बैठे करवाने के लिए ग्रामीण और शहरी सेवा शिविरों का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इसके तहत गांव-गांव और शहर-शहर में अधिकारी पहुंचकर आमजन के अटके हुए कार्य कर उन्हें राहत दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी सरकार की मंशा के अनुसार अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के संकल्प से कार्य करें।

केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने पेमासर में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण किया।

- **पहले दिन जिले के प्रत्येक उपखंड क्षेत्र की दो-दो ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित हुए**

इस दौरान ग्रामीणों ने आबादी विस्तार, सीमा ज्ञान और आवास की मांग की। मेघवाल ने इस संबंध में नियम संगत कार्यवाही के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। खाजूवाला विधायक डॉ. मेघवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछले डेढ़ वर्ष में जनहित अनेक निर्णय लिए हैं। पूर्व में भी गांवों में शिविरों के माध्यम से आमजन को राहत दी गई।

कचरा पात्र में मांस के अवशेष डालने पर विरोध

हनुमानगढ़, (कासं)। जंक्शन की भट्ठा कॉलोनी में भूमिगत कचरा पात्र में मांस-मीट के अवशेष डालने को लेकर कॉलोनीवासियों ने बुधवार को विरोध दर्ज कराया।

अरोड़वंश धर्मशाला के पास स्थित मीट-मांस का कारोबार करने वाले दुकानदारों पर ये अवशेष डालने का आरोप लगाया। सूचना मिलने पर नगर परिषद के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर दुकानदारों को चेतावनी दी और भविष्य में ऐसा करने पर कानूनी कार्रवाई के लिए पाबंद किया। कॉलोनीवासियों का कहना है कि भूमिगत कचरा पात्र में मांस के टुकड़े डालने से उठने वाली तेज बदबू के कारण वहां खड़ा होना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि मीट की दुकान के संचालक नगर परिषद के स्वामित्व वाले भूमिगत कचरा पात्र में जबरन हड्डियां और मांस के टुकड़े डालते हैं। इसके अलावा वे मोहल्ले में भी खुले में मीट का कचरा फैलाते हैं।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 17.09.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 39/41 के किला नं. 17 में आवासीय भूखण्ड माप 20 इन्दू 52 फीट का नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा पटटा संख्या 3689 दिनांक 30.06.2005 को श्रीमती मथुरानी पत्नी श्री भूपेन्द्र कुमार के नाम से जारी किया हुआ है। श्रीमती ललिता गर्ग पत्नी श्री संजय गर्ग निवासी 63 ई ब्लॉक, भाटिया गुरूद्वारे के पास, वार्ड नं. 25, श्रीगंगानगर द्वारा पंजीकृत बैयनामें दिनांक 10.04.2019 को क्रय कर, स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटा एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर उक्त भूखण्ड का फ्री होल्ड पटटा पटटा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। Rajkaj Ref. No. 17763511 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 17.09.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में 02 एमएल मुरब्बा नं. 33 के किला नं. 21 व चक 7 ई छोटी मु.न. 27 किला नं. 25 में भूखण्ड संख्या एल-7बी माप 30 इन्दू 60 फीट का नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा पटटा संख्या 5629 दिनांक 12.01.2017 को श्री जुबिन प्रदीप शर्मा पुत्र श्री रविन्द्र प्रदीप शर्मा के नाम से जारी किया हुआ है। श्री दीपक कुमार अग्रवाल पुत्र श्री महावीर प्रसाद निवासी आरएल-4, रिद्धि सिद्धि-1, श्रीगंगानगर द्वारा पंजीकृत बैयनामें द्वारा क्रय कर, स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटे, नामान्तरण एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर उक्त भूखण्ड का फ्री होल्ड पटटा पटटा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। Rajkaj Ref. No. 17628297 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगरपालिका मंडल सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर(राज.)
क्रमांक/भूमि/भूउप/2025-26/1653 दिनांक:17.9.2025
आपत्ति सूचना
हर आम व खास एवं हितबद्ध रखने वाले हर शख्स को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमति नीलम स्वामी पत्नी, श्री मनीष कुमार स्वामी जाति स्वामी निवासी वार्ड नंबर 08, सूरतगढ में आवासीय भूखण्ड संख्या 10 साईज 2800 वर्गफुट यानी 260.22 वर्गमीटर आई.डी.एस.एम.टी. योजना सूरतगढ में स्थित का आवासीय से मिश्रित प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन करने हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है। मास्टर प्लान में आवेदित भूमि आवासीय प्रयोजनार्थ आरक्षित है। अत: उक्त स्थल का मिश्रित प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने पर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह शख्स अपनी लिखित आपत्ति इस सूचना प्रकाशन के 15दिवस के अन्दर-अन्दर पालिका कार्यालय में निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। मियाद गुजरने पर कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
(पूजा शर्मा)
अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका सूरतगढ़

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक :- नियोजन/2025/17822184 **विज्ञप्ति** दिनांक: 17.09.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 17 के किला नं. 5 के भूखण्ड क्षेत्रफल 30'-0"×40'-0" फीट का आवासीय फ्री होल्ड पट्टा संख्या 21733 दिनांक 05.09. 2023 द्वारा श्री भूपेन्द्र सिंह पुत्र श्री मनीराम भाम्भू निवासी 21 एमएल, श्रीगंगानगर (राज.) के नाम से जारी है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड का आवासीय से वाणिज्यिक भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड का आवासीय से वाणिज्यिक भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 एवं जोनल प्लान में प्रश्नगत भूखण्ड का प्रस्तावित भू-उपयोग मिश्रित हेतु आरक्षित है। मिश्रित भू-उ